Roll No. ....

(01/23-II)

5208

B. Sc. EXAMINATION

(Third Semester)

HINDI (Compulsory)

Time : Three Hours *Maximum Marks :* 40

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6+6=12

(क) जीनत ! हमने जिंदगी भर इबादत का ढिंढोरा पीटा, लेकिन खुदा के पास तक नहीं पहुंच सके। अगर पहुंच पाते तो चलते वक्त इतने गुनाहों का बोझ हमारे सर पर न होता । चलने का वक्त करीब आ रहा है । मुझे खुशी है कि आज जुम्मा है । हमने जिंदगी भर इबादत कर यही चाहा कि जुम्मा हमारा आखिरी दिन हो ।

Scanned by TapScanner

(ख) (खूबसूरती पर टैक्स) रामस्वरूप और शंकर हँस पड़ते हैं (मजाक नहीं साहब, यह ऐसा टैक्स है जनाब, देने वाले चूँ भी ना करेंगे । बस शर्त यह है कि हर एक औरत पर यह छोड़ दिया जाए कि वह अपनी खूबसूरती के 'स्टैंडर्ड' के माफ़िक अपने ऊपर टैक्स तय कर ले । फिर देखिए सरकार की कैसी आमदनी बढ़ती है ।

(ग) जिन बातों का हम प्राण देकर भी विरोध करने को तैयार रहते हैं, एक समय आता है, वे ही बातें चुपचाप स्वीकार कर लेते हैं ।

(घ) इसलिए कि हमारे समाज में यह ब्याह-शादी मनुष्य से, मनुष्य के रिश्ते से नहीं होती, हमारे यहाँ शादियाँ होती हैं नौकरी के रिश्ते से, पद और भौतिक ख्यालों से । ब्याह हमारे यहाँ महज एक कर्मकांड है । एक परंपरा का पालन । यह जीवन अनुभूति, जीवन संगीत नहीं है ।

2. मोहन राकेश **अथवा** विष्णु प्रभाकर में से किसी **एक** का साहित्यिक परिचय दीजिए । 6

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **500** शब्दों में निबंध लिखिए : 8

(क) विश्व विख्यात वैज्ञानिक और उनके आविष्कार

(ख) शिक्षा और राजनीति

(ग) विज्ञान और पर्यावरण प्रदूषण

(घ) जनसंख्या विस्फोट

(ङ) गांधी-दर्शन ।

4. कार्यालय जिला उपायुक्त हिसार के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हिसार को क्षेत्र में मादक पदार्थों के चलन पर रोक हेतु एक अर्ध-सरकारी पत्र लिखिए।

अथवा

राजकीय महाविद्यालय, सिरसा के प्राचार्य की ओर से राजकीय महाविद्यालय हिसार के प्राचार्य को कॉलेज के दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आने के लिए अर्ध-सरकारी पत्र लिखिए । 9

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** शब्दों के हिंदी तकनीकी अर्थ लिखिए : 5

(i) Indicator

(ii) Ignition

(iii) Momentum

(iv) Physiology

Scanned by TapScanner

(v) Resonance

(vi) Spectrum

(vii) Pharmaceutical

(viii) Multiply

(ix) Velocity

(x) Index

(xi) Orbital

(xii) Microscope

(xiii) Nucleus

(xiv) Pollution

(xv) Osmosis

(xvi) Sublimation

(xvii) Virus

(xviii) Parasite.

Scanned by TapScanner